**डॉ. करण सिंह यादव (अलवर):** माननीय सभापति जी, आज सदन में पंचायतों की स्थिति - मध्यावधि समीक्षा एवं आकलन - 2006 संबंधी प्रस्तुत प्रतिवेदन पर हम लोग चर्चा कर रहे हैं। हम महात्मा गांधी के उस सपने को याद कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने ग्राम स्वराज को ही अल्टीमेट गोल मानकर इस देश का स्वतंत्रता आंदोलन शुरू किया और देश ने आजादी हासिल की। उस ग्राम स्वराज के सपने को पूरा करने की दिशा में 60 के दशक में देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने नागौर के अंदर एक विशाल जनसभा करके पंचायती राज की शुरूआत की थी। इस पंचायती राज के सपने में गांव के आम आदमी को सीधे सत्ता देने के लिए देश में प्रक्रिया शुरू हुई। हमारे पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के माध्यम से देश में सामाजिक क्रांति का दौर चालू किया, जिसमें गांव के आदमी को ही नहीं, बल्कि गांव के पिछड़े, दलित और कुचले हुए व्यक्ति को भी सत्ता में शामिल होने का अवसर मिला। इसके अलावा देश के अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के लोगों को पंचायती राज में आरक्षण के माध्यम से अधिकार दिए गए।

धीरे-धीरे ये संस्थाएं मजबूत होने लगीं। हमारे आज के पंचायती राज मंत्री उस समय भी राजीव गांधी जी के साथ थे, जब संविधान में 73वां और 74वां संशोधन पारित हुआ। तब से लेकर आज तक पंचायती राज की विभिन्न संस्थाओं से वह जुड़े हुए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में इतना वृहद काम करके तीन वाल्यूम्स निकाले हैं, वह किसी भी संसद सदस्य के लिए गर्व का विाय है। आज उनका पंचायती राज विभाग किस तरह से मुस्तैदी से इसका आकलन कर रहा है, किस तरह से पंचायती संस्थाओं का विकास हो रहा है, यह हम सब जानते हैं।

मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने दिल्ली में बैठकर ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न भागों में जाकर पंचायती राज संस्थाओं का आकलन किया। आप राजस्थान में गत र्वा दिसम्बर में चूरू और जयपुर भी पधारे थे। वहां आपने पंचायत समितियों के बीच गांव के लोगों और पंचों के बीच बैठकर जमीनी हकीकत को देखा था।

सभापति महोदय, मैं राजस्थान के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। आपका जो सपना और सिद्धांत है कि फंड्स और फंक्शनरी पंचायतों को ट्रांसफर कर दिया जाए और आपने जो वि-ाय चुने,जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सेनिटेशन, फारेस्टेशन आदि, उनका ग्राम स्वराज से गहरा नाता है। आज गांव वाले खुद इन चीजों के मालिक हैं। राजस्थान में पिछली सरकार के समय मुख्य मंत्री, अशोक गेहलोत जी के समय यह काम कार्यान्वित हुआ था और बहुत सारे अधिकार जिला परिदों और पंचायत समितियों को दिए गए थे। पंचायती राज में प्रमुख प्राइमरी शिक्षा है, जो सारी की सारी उन्हें दे दी गई। उसके साथ ही एलिमेंट्री एजुकेशन भी लगभग पंचायतों को दे दी गई थी।[R47]

महोदय, मुझे बहुत खेद के साथ कहना पड़ता है कि आज जो सरकार राजस्थान में सत्ता में है, जिस प्रकार की सामंती सोच की वह सरकार है, वहां पंचायती राज संस्थाएं आज केवल एक ढांचा बन कर रह गई हैं। पंचायत राज संस्थाओं के पास अपने कोई अधिकार नहीं रह गए हैं। श्री गहलोत जी के समय में आपकी जो अपेक्षाएं थीं कि गांव का सरपंच, गांव का पटवारी, गांव पंचायत का सैक्रेटरी, गांव का टीचर, गांव का पैरा टीचर गांव के संरपच को हाजरी देगा, सरपंच को अपने काम की जानकारी देगा, वे सारे के सारे अधिकार आज छीन लिए गए हैं। आपके द्वारा दिए गए कागजों में मैंने पढ़ा और लिखा है कि शिक्षा विभाग और कई दूसरे कार्यों को करने का अधिकार सरपंचों को दिया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत है कि राजस्थान में प्राइमरी शिक्षा, सैकेंडरी की तो बात छोड़िए, प्राइमरी शिक्षा भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संचालित होती है। किसी गांव के अंदर बीस बच्चे हैं, वहां तीन टीचर हो सकते हैं, लेकिन किसी गांव में तीन सौ बच्चे हो सकते हैं और एक टीचर हो सकता है। इस बारे में सरपंच को कोई अधिकार नहीं है। अभी शिक्षकों की ट्रांसफर पर बैन लगा हुआ है। ऊपर के स्तर पर सोचने वाला कोई अधिकारी नहीं है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आपको राज्य सरकारों के साथ में और खास कर सामंती सोच रखने वाली राजस्थान सरकार के साथ मिल-बैठ कर पुनः आकलन करना पड़ेगा कि 73वें और 74वें संशोधन में देश की पंचायतों को जो अधिकार दिए, क्या उनका क्रियान्वयन हो रहा है अथवा नहीं। मैं ईमानदारी के साथ कहना चाहूंगा कि राजस्थान वह राज्य है, जहां आपने जो 29 फंक्शंस दिए हैं, उनमें से केवल एक-आध को ही कार्य रूप में लागू किया गया है। आपने नेशनल रूरल हेल्थ मिशन के अंदर पैसा दिया, वहां माननीय मुख्यमंत्री जी की बड़ी फोटो लगा कर स्वास्थ्य रथ निकाल दिया गया, पानी के लिए जल चेतना रथ निकाल दिया गया। वहां की जनता इस बात से त्रस्त है कि केंद्र सरकार की योजना का इतना पैसा जो सरपंचों के माध्यम से गांवों में लगना चाहिए, वह पैसा नौकरशाह माननीय मुख्यमंत्री जी को खुश करने के लिए बड़ी-बड़ी रथ यात्राएं निकाल कर खर्च कर रहे हैं।

मैं सुझाव रूप में माननीय मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि जिला परिदों और पंचायत समिति के जो प्रधान हैं, उनके चुनावों के बारे में बहुत गहराई से सोचना पड़ेगा। आज आप कहीं भी जा कर पूछ लीजिए, इंडिपेंडेंट सर्वे करवा लीजिए, कोई भी प्रधान ईमानदारी और जनतांत्रिक पद्धति से वोट प्राप्त करके चुन कर नहीं आया है। वहां वोट खरीदा जाता है। जो सत्ताधारी लोग हैं, वे पंचायत समिति के सदस्य चुन कर आते हैं। पंचायत समिति के सदस्य की, जिला परिद के सदस्य की केवल यही भूमिका रहती है कि किसी तरीके से व्यक्ति विशो को प्रधान बना दें। प्रमुख बनने में करोड़ों रुपए लग जाते हैं। मैं आपसे अर्ज करना चाहूंगा कि अलवर जिले से मैं सांसद का चुनाव कम खर्चे में जीतकर आया हूं, लेकिन अलवर का जिला प्रमुख, मैं समझता हूं कि लगभग करोड़ रुपया खर्च करके जिला प्रमुख बना है। इसलिए हमें विचार करना होगा, हम मिड टर्म अप्रेजल कर रहे हैं, आपको सोचना होगा कि यदि हम पंचायत समिति के प्रधान का और जिला प्रमुख का चुनाव डायरेक्ट इलेक्शन से कराएं तो मैं समझता हूं कि भ्रटाचार खत्म होगा। लोग कहते हैं कि इससे तो पहले वाली व्यवस्था, जिसमें गांवों के लोग, पंच या सरपंच ही गांव का प्रमुख चुनते थे, वही बेहतर थी। लेकिन आज जो डायरेक्टर्स वोट देते हैं, जिला परिद और पंचायत समिति के सदस्य वोट देते हैं, यह पैसों का चुनाव है, भ्रटाचार का चुनाव है। जब प्रधान और प्रमुख वोटर को लाख रुपया या दो लाख रुपया दे कर बनते हैं, तो वहीं से भ्रटाचार की शुरूआत होती है और कामों में दलाली चालू हो जाती है। जो पैसा आप गांवों के विकास के लिए भेजते हैं, उसका केवल 40 या 50 प्रतिशत पैसा ही गांवों के विकास के लिए खर्च हो पाता है।[MSOffice48]

**17.00 hrs**

उससे अधिक पैसा खर्च नहीं हो पाता है। आप इस मामले में गम्भीरता से विचार करें। ...(व्यवधान) पंचायत समिति और जिला परिद के मैम्बर्स की हैसियत बढ़ाने की बात होती है। जिस तरह आपने सांसदों के लिए कोटा फिक्स करके काम करवाने की हैसियत बढ़ायी है, ठीक इसी तरह कुछ पैसा खर्च करने का अधिकार पंचायत समिति और जिला परिद के मैम्बर्स को भी होना चाहिए। आज यह हो रहा है कि सरपंच के पास सीधे पैसा जाता है। गांवों में सरपंच बहुत महत्वपूर्ण हो गया है और होना भी चाहिए। पंचायत समिति और जिला परिद के मैम्बर्स सिर्फ निर्वाचन तक सीमित रहते हैं। दो साल के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश चालू हो जाती है। मुश्किल से दो साल के लिए ही किसी ने प्रधानी या प्रमुखी की होगी। दो साल का पीरियड होने के बाद एक लहर दौड़नी शुरू हो जाती है और पैसों के जरिए खरीदारी शुरू हो जाती है तथा कहा जाता है कि दूसरा प्रधान और सरपंच बनाओ। मैं विशो रूप से कहना चाहूंगा कि आप इस पर पुनर्विचार करें। क्या प्रधान या प्रमुख का इलैक्शन डायरैक्ट करवा सकते हैं या नहीं? कहने को बहुत सी बातें थीं, क्योंकि बहुत लंबा-चौड़ा विाय है। मैं माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूं कि वह सदन में यह चर्चा लेकर आए।

**श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद)** सभापति महोदय, मैं सबसे पहले माननीय मणिशंकर अय्यर जी को बधाई दूंगा कि वह ढ़ाई साल का एप्रेजल लोक सभा में लाए। सभी ने कहा है कि भारत गांवों में बसता है। महात्मा गांधी जी का भी यही सपना था कि आजादी के बाद देश के गांवों में स्वराज लागू हो। वैसे सदियों से देश की यह परम्परा रही है और गांवों में पंचायतों का अपना अलग स्वावलम्बन है। हम 57 साल की आजादी के बाद आकलन करें कि 73वें-74वें संशोधन के बाद आज क्या वस्तु स्थिति है, क्या कमी है और उसे कैसे सुधारा जाए जिससे सही मायने में गांवों में स्वराज आ सके। अभी 12 लाख महिला सरपंच या सदस्य चुनी गई हैं। निःसंदेह यह बड़ी संख्या है और एक शुरुआत है। इसलिए शुरुआत है कि आरक्षण द्वारा दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को यह अधिकार मिला है। क्या यह सही ढंग से लागू हो रहा है या नहीं, यह देखना हमारा कर्तव्य है।

अभी राजस्थान के एक माननीय सदस्य बोल रहे थे। मैं उनकी बात से सहमत हूं कि आज भी 72वें-73वें संशोधन के बाद बहुत सी कमियां हैं। मेयर का चुनाव सीधे जनता द्वारा होता है। जैसा उन्होंने बताया और मुझे भी यह समझ नहीं आती है कि ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव 57 साल की आजादी के बाद भी जनता से करवाने के लिए आप क्यों तैयार नहीं हैं? कहा जाता है कि बहुत बड़ा चुनाव हो जाएगा। यदि आप सही जन प्रतिनिधि चाहते हैं तो इसमें बदलाव लाना होगा। जैसा एक माननीय सदस्य ने कहा कि ब्लॉक्स में माफिया लोगों का कब्जा हो जाता है। मंत्री जी यहां बैठे हैं। मालूम नहीं, वह इससे अवगत हैं या नहीं? माफिया लोगों का पैसा होना चाहिए और बंदूक की ताकत होनी चाहिए। कोई भी ब्लॉक प्रमख जीत जाएगा, कोई भी जिला पंचायत का अध्यक्ष जीत जाएगा। यह व्यवस्था क्यों लागू है जबकि आज तक आपने इतना सुधार किया है तब इसे क्यों नहीं लागू कर सकते हैं? जो कार्यक्रम बनाए गए हैं, उनको क्या वे लोग लागू कर सकेंगे? एक बार बीडीसी का सदस्य ब्लॉक प्रमुख चुनता है और उसके बाद उसका अधिकार समाप्त हो जाता है। उसे ि वकास कार्यों में हिस्सा नहीं मिलता, मुझे समझ में नहीं आता कि ग्राम प्रधान को बीडीसी के सदस्य के साथ क्यों रखते हैं? वह अधिकार बीडीसीसदस्य को मिलना चाहिए ग्राम प्रधान को नहीं मिलना चाहिए। उन्हें अलग से फंड मिलता है, उनका अधिकार क्षेत्र अलग है। क्या कभी आपने आकलन किया है कि बीडीसी के सदस्य ने वोट दे दिया फिर उसका काम खत्म हो जाता है उसके पांच साल बाद उसकी जरूरत पड़ेगी अगर वह दोबारा चुनकर आएगा। आप इस पर पुनर्विचार करें। इसी तरह से जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख के हाथ में पंचायतों का अधिकार केंद्रित हो गया है और बाकी मैम्बरों का कार्य क्षेत्र और अधिकार नगण्य हो गए हैं। अभी यूपीए सरकार डंका पीट रही है कि हमने रोजगार गारंटी स्कीम को लागू कर दिया। यह स्कीम क्या है? इस स्कीम में सौ दिन का काम गांव में हाथ से करने का दिया गया। क्या कभी आपने विचार किया कि मजदूर केवल मजदूरी करता रहेगा या उसे दूसरा कोई विकल्प भी मिलेगा?

मान्यवर, आप देखें कि गांवों से शहरों की तरफ पलायन हो रहा है। रोजगार की तलाश में लोग शहरों की तरफ आ रहे हैं। आप क्यों नहीं गांव में फैक्ट्री लगवाते, चाहे वहां छोटा कारखाना ही लगवाइए? आप एक तहसील में एक, दो या तीन कारखाने लगवाइए, कुछ तो कीजिए ताकि गांव के लोग गांव में ही रहें। बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मोहम्मद युनूस को महिला सशक्तिकरण के लिए नोबल पुरस्कार मिला है। यह इतनी अच्छी स्कीम है जिसमें गांव की गरीब महिलाओं का बीस-पच्चीस का छोटा ग्रुप बनाकर बैंकों द्वारा ऋण दिया गया जो आज वहां गरीबी को दूर करने में बहुत सहायक सिद्ध हो रहा है और इसलिए उनको नोबल पुरस्कार मिला है। हम इसे अपने देश में लागू क्यों नहीं कर सकते? हम क्यों नहीं गरीब महिलाओं का ग्रुप बनाकर बैंकों द्वारा ऋण देकर उनका सशक्तिकरण कर सकते? हम क्यों नहीं दूध के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी करके आगे बढ़ा सकते?

फिशरीज के क्षेत्र में आंध्र प्रदेश ने नमूना पूरे देश के सामने पेश किया है। आज पूरे देश में आंध्र प्रदेश की मछलियां बिकती हैं। हमारे देश में बहुत मछुआरे हैं, जो अत्यंत गरीब हैं, उनके लिए आप ऐसी स्कीम क्यों नहीं लाते? उनके लिए कोल्ड स्टोरेज क्यों नहीं बनवाते जिससे वे अपनी मछलियों को पकड़कर कर कोल्ड स्टोरेज कर सकें और इसके माध्यम से पूरे देश में भेज सकें। इससे उन्हें रोजगार और धन मिलेगा।

इसी तरह से एक तहसील में एक मिनी आईटीआई, मिनी पॉलिटेक्नीक खोल दें तो तमाम नौजवानों को गांवों में ही ट्रेनिंग मिल जाएगी और जो आज बड़े कलकारखाने आ रहे हैं, उनमें रोजगार मिल जाएगा। इसमें आप आरक्षण कर सकते हैं जिससे हर गरीब आदमी को उसका हक मिल जाएगा। लेकिन आप वह नहीं करेंगे, आपने कह दिया ग्रामीण रोजगार स्कीम लागू कर दी है और इसमें फावड़ा चलाओ। माननीय अय्यर जी, इससे गरीबी दूर नहीं होगी। गरीबी दूर होगी जब लोगों को रोजगार मिलेगा। अगर आप गांवों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो रोजगार के अवसर गांवों में खोजने पड़ेंगे और खोलने पड़ेंगे। आज गांव में तमाम कारीगर हैं जो अपना सामान बनाते हैं, उनको वे कहां बेचें? उनके पास बेचने के लिए कोई बाजार नहीं है, वे अपना सामान नहीं बेच सकते इस तरह से धीरे-धीरे कारोबार खत्म होता जाता है।[r49]यदि आप उसे मजबूत कर दें।

MR. CHAIRMAN : Please conclude. Your time is already over. You have already taken more than nine minutes.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: But you cannot make any allegations. It is between the parties. It is none of my business.

… (*Interruptions*)

SHRI REWATI RAMAN SINGH : No. I am not making any allegations. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I am not in any way getting into it.

… (*Interruptions*)

**श्री रेवती रमन सिंह :**बहुत-बहुत धन्यवाद। *... I have not made any allegation. *...

MR. CHAIRMAN: You see, this is the topic I am also interested. Do not find fault with me. I have not done anything wrong. You know, I was elected as Panchayat President 53 years back on adult franchise! Nobody is like me here with such a long record and so much experience in the field. I was elected as President of the Panchayat 54 years back. And I continued as President for a very long time because no election took place within that period. I continued as President of the Panchayat for more than a decade. Later on, Panchayat became Municipality. Do not find fault with me.

* Not recorded

**श्री रघुनाथ झा (बेतिया) :** माननीय सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं माननीय मंत्री, श्री मणिशंकर अय्यर जी को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने ढाई र्वा का अपने विभाग का लेखा-जोखा आज सदन में प्रस्तुतकिया, जिसके ऊपर हम माननीय सदस्य विचार कर रहे हैं। लेकिन मुझे इस बात का अफसोस है कि सम्पूर्ण विपक्ष के लोग इतने महत्वपूर्ण प्रश्न पर सदन में नहीं है, जिसे राट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवनकाल में आरम्भ से ही ग्राम स्वराज, डा. लोहिया का चौखंभा राज, लोक नायक जय प्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रांति इसी से जुड़े हुए सवाल है। महात्मा गांधी कहा कहते थे कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा, गांव आगे नहीं बढ़ेंगे, गांव खुशहाल और सम्पन्न नहीं होंगे, देश सुखी और सम्पन्न नहीं

**17.13 hrs** (Shri Devendra Prasad Yadav in the Chair)

—

हो सकता, आगे नहीं बढ़ सकता। इसी कारण से वह बराबर कहा करते थे कि गांवो में लघु और कुटीर उद्योग की स्थापना करें, लोगों को शिक्षित और साक्षर बनाएं, सफाई रखें और स्वस्थ रहें, इस तरह से गांव का विकास संभव है ।

महोदय, हम बिहार राज्य से आते हैं। जब जननायक, कर्पूरी ठाकुर 1977 में बिहार के मुख्य मंत्री बने तो पहली बार उन्होंने बिहार में विधिवत पंचायतों के चुनाव कराये थे। उनके पंचायत चुनाव कराने के बाद 1982 में दूसरी सरकार आई, लेकिन उसके बाद पंचायत चुनाव का काम लगभग बंद हो गया। जब स्वर्गीय राजीव गांधी ने संविधान में संशोधन किया तो राज्यों पर पंचायत चुनाव कराने का दबाव पड़ा। जब श्रीमती राबड़ी देवी बिहार की मुख्य मंत्री थी, बिहार में पंचायत के चुनाव कराये गये और गांवों तो छूने वाले 33 विभाग, जिनमें प्राथमिक शिक्षा, प्र ााथमिक स्वास्थ्य, सहकारिता, पीने का पानी जैसे 33 विभागों का हस्तांतरण पंचायतों को किया गया। आज हम अच्छी तरह से जान रहे हैं कि उस चुनाव के बाद वर्तमान सरकार ने इस समय चुनाव कराये हैं। पंचायत चुनाव कराने के अलावा इस सरकार ने 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने में महारत हासिल करने का काम किया है। इसके लिए हम उन्हें बधाई देते हैं और साधुवाद करते हैं। लेकिन हम कहना चाहते हैं कि आपने क्या काम दिया है। जो अधिकार उन्हें पहले से मिला हुआ था, उस पर भी पंचायतों के अधिकार नहीं रहे[MSOffice50]। हमारे यहां लोग मुखिया पति कहते हैं। मुखिया को लोग नहीं खोजते बल्कि मुखिया के पति को खोजते हैं, उसे मुखिया पति कहते हैं और उनसे जो काम हमें लेना चाहिए, यानी उसे काम, अधिकार मिला ही नहीं है तो काम क्या लेंगे । हम माननीय पंचायत मंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों से पूछना चाहते हैं कि लोक सभा का जो चुनाव होता है, हम लोग चुनकर आते हैं तो क्या हमें माननीय प्रधान मंत्री जी का प्रिंसिपल सैक्रेटरी हटा देगा क्या? विधान सभा का चुनाव होता है तो क्या मुख्य मंत्री का प्रिंसिपल सैक्रेटरी चुने हुए विधायक को हटा देगा । मुखिया चुना जाता है, प्रमुख चुना जाता है, उसे हटाने का अधिकार किसी अधिकारी को देना यह सर्वथा संविधान के प्रतिकूल बात है। सरपंच गलती करता है, मुखिया गलती करता है या प्रमुख गलती करता है तो आपके पास कानून की शक्ति है और आप उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकते हैं, मुकदमा कर सकते हैं और जेल भेज सकते हैं। लेकिन जो संविधान में है, अब जैसे इंदिरा आवास का मकान बनाने का अधिकार उसे मिला है और अब वह अधिकार उससे छीना जा रहा है। हमारे साथी ने ठीक ही कहा है कि किसी को किसी से मतभेद होगा, हमें किसी से मतभेद होगा, हमारी इच्छा के खिलाफ वहां से मुखिया चुना जाएगा, सरपंच चुना जाएगा, प्रमुख चुना जाएगा। हम चाहे तो अपनी एप्लीकेशन उसके खिलाफ लिखकर दे देंगे। जांच बीडीओ से आप करवाएंगे और उसे कमिश्नर साहब डिसमिस कर देंगे। अगर एक तरीका होगा तो यह काम नहीं चलेगा। एक तो पंचायती राज का जो मॉडल कानून है, यह कानून सारे देश के सभी राज्यों को अपनाना चाहिए। मुनासिब बात यही है कि एक तरह का कानून सारे देश में हो। कहीं कुछ है और कहीं कुछ है। आज भी छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से पंचायती राज का काम पूरा नहीं किया जा रहा है। आप ही का इस सदन में जवाब है।

अब सवाल है कि पैसे आप भेज रहे हैं और हम यह देख रहे हैं कि चाहे पंचायत समिति हो चाहे जिला परिाद हो, हम अन्यथा किसी दूर्भावना से नहीं कह रहे हैं, पैसे का बंटवारा हो रहा है, काम का बंटवारा नहीं हो रहा है। पैसा, जैसे बीस लाख रुपया भेजा। अगर जिला परिाद के बीस सदस्य हैं तो एक-एक लाख रुपया दे दिया और कह दिया कि आप अपने-अपने क्षेत्र में काम करिए। एक लाख रुपये में क्या काम होगा? विकास क्या होगा और हम आपसे आग्रह करेंगे कि आप पंचायत, प्रखंड और जिले की योजना समिति बनाएंगे, आप सभी स्तर पर मास्टर प्लान बनवाइए। जैसे-जैसे पैसा मिलता जाए, उस इलाके से उसका प्रतिनिधि खर्च तथा विकास का काम करे। अभी पैसे का बंटवारा हो रहा है और आप दो-चार जगह जांच करा दीजिएगा तो आपको इस बारे में अच्छी तरह से सब बातों की जानकारी मिल जाएगी। हम आपको बताना चाहते हैं कि आज राजकीय कोा को जो सुपुर्द करना था, जो पंचायतों को आपको राजकीय कोा देना है, आज तक नहीं मिला। पंचायतों की द्वितीय जबावदेही क्या है, आज तक कोई नहीं जान रहा है। आज तक पंचायतों के कार्य निपादन के लिए उनके प्रशिक्षण का काम नहीं हो पाया है। हमारे यहां पंचायती राज विधानों के साथ-साथ राज्य के लिए कानून का सामंजस्य क्या है, आपके पंचायती राज का कानून, आपके कानून का क्या तात्पर्य है, दोनों का सामंजस्य क्या है, यह नहीं हो पा रहा है और पंचायतों का अधिसूचित क्षेत्र तक विस्तार, अधिनियम का कार्यान्वयन नहीं हो रहा है। ये सारे काम हैं जिनके बारे में करने के लिए जबावदेही देनी चाहिए। लेकिन जवाबदेही नहीं दी गई है। बहुत जगह सरपंच को मुखिया कहते हैं। बिहार में हम लोग मुखिया कहते हैं और हमारे यहां न्याय प्रशासन है। न्याय प्रशासन का चुनाव हो गया और सिविल नेचर के केस को वे देखते हैं लेकिन उनका जो सब-लॉं, कानून बनना चाहिए, वह पटना हाइकोर्ट में अभी राज्य सरकार ने एक महीना पहले, वहां के सरपंचों ने मिलकर पटना हाइकोर्ट में अपना पीआईएल दायर किया और उसमें सरकार ने जबाव दिया जबकि अभी इसका कानून ही नहीं बना है[r51]। जैसा हमारे दूसरे साथियों ने कहा कि चाहे भारत सरकार फंडिंग करें या राज्य सरकार फंडिंग करे, पंचायत को स्टैंडिंग ऑर्डर देना चाहिये कि उसका अपना भवन होना चाहिये और न्याय प्रशासन के लिये स्थान होना चाहिये।

सभापति जी, स्वच्छता की बात कही गई। मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछली बार बिहार में बाढ़ के कारण 9 लाख लोगों के मकान गिर गये, उन्हें किसी प्रकार की कोई मदद नहीं मिली। वे आज भी उसी गरीबी में बिना मकान के पड़े हुये हैं। अधिकतर लोग भूमिहीन, गरीब और दलित हैं जिन्हें देखने वाला कोई नहीं है। सर्व शिक्षा अभियान में आंख मूंदकर पैसा जा रहा है जिसका उपयोग शिक्षक बहाली में हो रहा है लेकिन बिहार में वह भी नहीं हो रहा है। नियमानुसार जो पार्टिसिपेशन होना चाहिये, वह नहीं हो रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा गरीबों को अनाज दिया जाना चाहिये लेकिन यह मुखिया के अधिकार से बाहर है। जब तक बैठकर एक ठोस कार्यक्रम नहीं बनेगा, आपका पंचायती राज का यह सपना अधूरा रह जायेगा। इसलिये मैं चाहूंगा कि नियम बनाकर पंचायत का चुनाव करायें जोकि समय पर होना चाहिये। हमारे कई साथियों ने कहा कि उन्हें इस बात पर कोई एतराज नहीं है । इस चुनाव में भी भ्रटाचार होता है। हम लोग अपनी आंखों के सामने देख रहे हैं। जिस प्रकार पार्लियामेंट या असैम्बली के सदस्य का चुनाव होता है, उसका चुनाव भी उसी तरह से हो। मुखिया का भी चुनाव होता है। सरपंच जनता द्वारा चुना जाता है लेकिन प्रमुख प्रतिनिधियों के द्वारा चुना जायेगा। मैं चाहूंगा कि जिला परिाद् के प्रमुख का चुनाव डायरेक्ट होना चाहिये। वह शक्तिसाली होगा, जो पॉवर्स उसे देनी हैं, उसे दिलवाने का काम कीजिये। उसे मकान बनाने के लिये इंजीनियर्स चाहिये। हमारे एक साथी कह रहे थे कि केवल कुछ पैसे में एक शौचालय कैसे बनाया जा सकता है? जहां तक स्वास्थ्य सुविधाओं का सवाल है, आज माताओं और बहनों को बाहर जाने के लिये मजबूर होना पड़ता है। ये सारी चीजें तभी संभव है जब आप उसमें सक्रिय सहयोग करें।

सभापति जी, राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य के मंत्री से सरकार बात करे। हम लोगों ने देखा है कि कागज ही पर आम सभा का कार्य हो जाता है। एक सासंद को भी प्रतिनिधित्व देना चाहिये। पंचायत की आम सभा में एम.एल.ए. का प्रतिनिधि रहेगा लेकिन एक सांसद का नहीं होगा। हमारे यहां सम विकास योजना के लिये पैसा जाता है, सी एम. सेतु बन रहा है, सड़क बन रही है, उसमें एक एम.एल.ए. को पूछा जाता है लेकिन एम.पी. को नहीं पूछा जाता। हम भी तो जन-प्रतिनिधि हैं। हम भी तो नाम दे सकते हैं, हमारे नाम को मत मानिये लेकिन हम लोगों का भी तो प्रतिनिधित्व होना चाहिये। हम उस इलाके से चुनकर आते हैं। हम भी 6 विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन हमें उसमें स्थान नहीं दिया जाता है। जो व्यक्ति एक ि वधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधि है, उसे स्थान दिया जा रहा है। जब भी आप पुल या सड़क बनायें, हमें भी प्रतिनिधित्व दीजिये।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BERHAMPORE, WEST BENGAL): The Hon. Panchayati Raj Minister, Shri Mani Shankar Aiyar, deserves to be praised lavishly as he has laboured hard to present a most well-researched document to the House and to the people of our country. It is a voluminous document which needs a couple of weeks to read through. It is not only voluminous but also exhaustive and illustrative.[R52]

However, I would like to participate in this important debate which is very relevant to our country. I must appreciate the UPA Government as this is the first ever Government which introduced the Ministry for Panchayati Raj to look after the panchayat institutions in our country.

Sir, panchayati raj is an age-old institution of our country. It is related to our culture, civilization and traditions. However, the British colonial power has demolished all the rural institutions which was earlier called as the panchayat. The term 'panchayat' originally implicates an enforcement authority of law and order in the local level community and which acts as a conciliatory and arbitrary approach to sort out the problems of the local community in India. During our national Independence struggle, the national leaders were contemplating over the reinstitution and revitalization of panchayat raj mechanism in India. In 1931, during the Karachi Congress, the Congress Party took a slew of measures to offer democratic governance at the grassroot level and they later had come to a fruition after various laws and amendments were introduced. In 1959, the district Nagaur in the State of Rajasthan first celebrated the Panchayati Raj Conference under the leadership of Pandit Jawaharlal Nehru. But a real radical transformation in panchayati raj institutions took place after the 73rd and 74th amendments of our Constitution.

The real objective of the panchayati raj institutions is to devolve power to the grassroot level. The 73rd amendment was a landmark legislation in that direction which ushered an era of decentralized governance including its planning and development. It accommodates adequate representation of women and the marginalized section of our society which were excluded from the democratic governance by the dominant power of our society specially the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes who were regarded as untouchables, and were excluded from taking part in any kind of democratic governance in our country. Therefore, the 73rd amendment first enshrined the rights of those marginalized and vulnerable sections of our society and furthermore, ensured participation of womenfolk which constitutes 49 per cent of our population in democratic governance of our country.

It is astonishing to note that more than 36 lakhs are elected representatives and are holding responsibilities in nagar palikas and panchayati raj institutions. The Minister even cited that the number of elected representatives in our country is more than the entire population of Norway.

The salient features of the 73rd amendment were formation of a Gram Sabha at village level. Uniform three-tier system at village, block and district levels, with exemption for intermediate level institutes with a population of less than two million. Direct election to all seats for all members at all levels. Indirect election to the Chairpersons of intermediary and apex levels. The mode of election for the lowest level is left to the State Government and reservation of Scheduled Castes and Scheduled Tribes on rotational basis in proportion to the population. Furthermore, the Chairperson of Gram Panchayat and Panchayat Samity are also reserved for women and Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Reservation of women has been enshrined to be no less than one-third of the seats and offices. Five year term for each election has been institutionalized.

Sir, the devolution of powers and responsibilities by the State for preparation and implementation of plans for economic development and social justice as per the 11th Schedule of the Act has been very much incorporated. It has further been stated that 29 subjects are to be included in the 11th Schedule. But still, I think, that most of the States are either averse or indifferent to devolve the power of 29 subjects to the grass-root level. So, naturally, in paper, we have had our panchayat raj institution, but in letter and spirit we are miles to go before implementing the real essence of panchayati raj institutions.

Sir, I would like to draw the attention of the hon. Minister to one important matter because I am hailing from a State called West Bengal. There, Village Development Committee has been framed under legislation by the State Government.

Sir, already in the 73rd amendment, Gram Sabha has been constituted. Furthermore, a Village Development Committee has been proposed to be legislated in the law. I think it is nothing but a super imposition of existing panchayati raj mechanism. As we know, the Gram Sabha is considered as a deliberative body. But here in this legislation, VDC has been empowered to propose the plans which are binding on the Gram Sabha and Panchyayats. That means here there is a contradiction between a deliberative body and the executive body. As we know, the Gram Panchayat is considered as an Executive Organ, but in the name of Village Development Committee, the power of Executive Body has been slashed down deliberately and I think it is contrary to the true sense of panchayati raj institution.

So, I would urge upon the hon. Minister to look after the true spirit of the Central legislation so that it may be binding upon the States because there are so many "may's" involved in the central legislation. Now, the State Governments are at liberty to misinterpret the Central legislation. The hon. Minister's approach in regard to the panchayati raj institution would not be materialized if these flaws are not corrected. I think, we should have a holistic approach to the panchayati raj mechanism.

*DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): Mr. Chairman, Sir, today, in this august House, we are having a very important discussion initiated by Shri Basudeb Acharia and Smt. C.S. Sujatha regarding the 'Mid-term Review and Appraisal Report 2006 on Panchayati Raj'. Sir, I am grateful to you for giving me an opportunity to take part in this discussion. At the outset, I would like to sincerely appreciate the Hon'ble Minister of Panchayati Raj Shri Mani Shankar for presenting a detailed report on the structure and functioning of the Panchayati Raj institutions in the country and also for facilitating this discussion. This report certainly reflects the progress made in the Panchayati Raj system under the UPA

Government in the last two and half years. Under the able leadership of Prime Minister Shri Manmohan Singh, UPA Chairperson Madame Sonia Gandhi and Panchayati Raj Minister Shri Mani Shankar, the Panchayati Raj movement in the country is making steady growth and progress.

Hon'ble Minister Shri Mani Shankar is a close friend of our late lamented former Prime Minister Shri Rajiv Gandhi who intended to strengthen the Panchayati Raj system in the country by devolution of power at the village level. Accordingly, constitution amendments were made in order to strengthen the Panchayati Raj system.

Sir, India is a land of villages and our Father of the Nation Mahatma Gandhi believed that India will develop only when its villages are developed. The $73^{rd}$ and $74^{th}$ amendments have given more powers to our local bodies and Village Panchayats. Not only that we have made 33% reservation for women in the local bodies and Panchayats but we have also ensured more participation of women in the decision making at the local and village level which indeed strengthen our democracy.

---

* English translation of the speech originally delivered in Manipuri.

Today, we are a great democracy even though we had experienced too much hardship under Rajas, Maharajas and British Raj. Now, it is more than 50 years to have our own elected representatives and elected Government and, in fact,

we are doing extremely well. However, we have a major handicap in the election of local representatives at the village and Panchayat level because of lack of basic education. Educated people are still very less in number. We need to broaden and strengthen our education system at the grass-root level so that we get deserving and educated representatives.

At the Village and Gram Panchayat level, Pradhans are directly elected and it is really good. The Adhyaksha at the Zilla Parishad is elected from among the elected representatives. Here, we have a practical difficulty due to frequent no-confidence motion against the Adhyaksha. As a result, Adhyaksha is changed every now and then and hence it has become a major set back to run the affairs of the administration. If we can have direct election for the Adhyaksha like that of Pradhan that would be far better and bring stability in the system.

Women's reservation in our local bodies and Panchayats is no doubt yielding favourable results. But we have a pertinent problem at the ground level. The family members of the elected women representatives normally interfere in the functioning of the local bodies. The husband or the family members of the women representatives wield de-facto power. This is a dangerous trend. We need to check it. Power and functions of the women representatives should not be misused or abused by their family members. We have to do something in this regard.

I would like to bring to the notice of the Hon'ble Minister that our Pradhans and local elected representatives are getting a very meagre honorarium. My earnest request to the Minister is that they must be given a respectable salary as in the case of MPs and MLAs. This will certainly help in strengthening our Panchayati Raj system.

Sir, ours is a vibrant multi-party democracy and, therefore, we should encourage to conduct the elections of Pradhans, Zilla Adhyakshas on party lines. This is my suggestion.

From this detailed report presented by the Hon'ble Minister, we come to know about the structure and functioning of the Panchayati Raj institutions in the States throughout the country. Sir, in my State Manipur we don't have the three tier system, instead we have the two tier system. According to the 2001 census, we have crossed twenty lakh population and now we are entitled to have the three tier system. In his recent visit to Manipur, the Hon'ble Minister Shri Mani Shankar made the announcement that the two tier system will be converted into the three tier system. I strongly believe that Hon'ble Minister will certainly fulfil his assurance. On my own behalf and on behalf of my State I express my gratitude to the Hon'ble Minister for his kind visit to our State and for having constructive interactions with our Panchayati and village representatives for improving the Panchayati Raj institutions. I hope in future too Hon'ble Minister would extend such cooperation and encourage us.

Sir, such an elaborate mid-term review and appraisal report on the functioning of Panchayati Raj system in the entire country is indeed praiseworthy. Let me again thank you for giving this opportunity to participate in this discussion.

**श्री राम कृपाल यादव (पटना):** सभापति महोदय, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने एक बहुतमहत्वपूर्ण चर्चा पर मुझे अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया है।

…(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** कृपया समय सीमा का ध्यान रखें। आपका समय 5 मिनट है।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैं तुरन्त अपनी बात बताऊंगा।मगर साथ ही साथ मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं, बसुदेव आचार्य जी का, कि जिन्होंने चर्चा का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया, जिसमें हम सब लोग चर्चा कर रहे हैं। पंचायती राज, जिस पर लगातार कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं, इसके सन्दर्भ में आज विशे गहरी रुचि लेकर माननीय सदस्यों ने चर्चा की। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस कमिटमेंट के साथ हैं कि पंचायती राज व्यवस्था की जो सोच हमारे पूज्य महात्मा गांधी जी की थी, जो सोच हमारे राजीव जी की थी, उस सोच को पंचायती राज के माध्यम से सरजमीं पर लाना चाहते हैं। निश्चित तौर पर बहुत सारे प्रयास भी इसके लिए किये जा रहे हैं।

इसके लिए प्रयास हुए हैं, मगर मैं समझता हूं कि इतने सारे प्रयासों के बाद भी, पहले ग्रामीण विकास मंत्रालय के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग था, लेकिन जब यह एहसास किया गया, जब शक्ति प्रदान की गई और संविधान में एक नया संशोधन कर दिया गया तो मैं समझता हूं कि यह विभाग भी अलग हुआ। विभाग इसलिए अलग हुआ, क्योंकि कारगर ढंग से ि वशे तौर पर जो पंचायती राज की जो हमारे नेताओं का सपना है, वह सपना पंचायती राज के माध्यम से गांव और गरीब तक पहुंचे, लेकिन मैं समझता हूं कि वे कारगर कदम इतने सालों के प्रयास के बाद भी निचले स्तर पर नहीं उठाये जा रहे हैं, जिसकी वजह से पंचायती राज की जो परिकल्पना सरजमीं पर आये और गांव के गरीब और गांव के जो आम लोग हैं, उनको उसका फायदा पहुंचे।

इसमें कई तरह की खामियों की चर्चा की गई। मैं भी कुछ खामियों की चर्चा करूंगा और माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करूंगा ताकि उन खामियों को दूर करके पंचायती राज की जो परिकल्पना यू.पी.ए. सरकार में है और आपकी है, उसमें आप कारगर कदम उठाकर उस तक पहुंचाने का काम करें। यू.पी.ए. सरकार ने जो कदम उठाये हैं, उसमें पंचायती राज विकास के लिए अलग से 3835 सौ करोड़ रुपये के लगभग राशि आबंटित की गई है, लेकिन इतनी सारी राशि आबंटित करने के बाद भी जब हम सरजमीं पर देखते हैं तो स्थिति कुछ स्पट नहीं हो पाती है। आज भी आप गांव के गरीब आदमी के यहां चले जाइये, आज भी जबकि बहुत बड़े पैमाने पर इतनी राशि देने के बावजूद भी विकास से वे लोग वंचित हैं।[R53] मैं कहना चाहता हूं कि इसमें कई तरह की कमियां हैं। जो पंचायती राज व्यवस्था है, उसमें अधिकारी पावर्स को तिकड़मित कर लेते हैं या जो व्यवस्था है, जो चुने हुए पंचायती राज के जनप्रतिनिधि हैं, उनके माध्यम से भी कमियां की जाती हैं। आम लोग, जिनको लाभ पहुंचाना है, वह उन तक नहीं पहुंच पाता है। इसीलिए सही ढंग से उनका विकास नहीं हो पा रहा है। नियम कानून बन जाए और नियम कानून सरजमीं पर नहीं आए और सिर्फ कागजों तक रहे, तो मैं समझता हूं कि सही मायने में जो सपना है वह साकार नहीं हो पा रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से नि वेदन करूंगा कि उन सपनों को साकार कीजिए, जो गांधी जी ने देखा था, जो राजीव गांधी जी ने देखा था और उसके तहत संविधान व्यापक संशोधन हुआ था। आज बड़े पैमाने पर चुनाव हो रहे हैं। मैं अपने राज्य की भी बात करूंगा, मगर उन चुनाव का कई माननीय सदस्यों ने जो बिहार से हैं, चर्चा करने का काम किया और मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं। आप एक नीति निर्देशित करने का काम करें। जो कानून आपने बनाया है, उसे राज्य सरकार सही ढंग से पालन करे, उस पर नियंत्रण करने का काम करिए। किसी राज्य में कुछ कानून और किसी राज्य में कुछ कानून है। जो चुने हुए पंचायत के मुखिया या सरपंच हैं, वे आम सभा नहीं करते हैं। आम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन करना है। मैं समझता हूं कि आम सभा नहीं होती है, सिर्फ कागज पर हो जाती है। ये बहुत सारी कमियां हैं। यहां बहुत से माननीय सदस्यों ने इन खामियों की चर्चा की है। इन कमियों को दूर करने का आप काम करिए। मैं समझता हूं कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा, हमारी आबादी के पचहत्तर प्रतिशत से अधिक लोग गांवों पर निर्भर करते हैं। गांवों के लिए हर पालिटिकल पार्टी के लोग और हर व्यक्ति जो समाज सेवा कर रहे हैं या जनप्रतिनिधि हैं, वह इस कमिटमेंट के साथ गया है कि हम गावों का विकास करेंगे, पर मैं समझता हूं कि इस मामले में सिर्फ बोलने की बात होती है, काम करने की बात जब आती है, तब हम पीछे रह जाते हैं। आजादी के अठ्ठावन साल के बाद भी गांवों का विकास नहीं हो रहा है। गांव में सड़कें नहीं हैं, गांवों में चापाकल नहीं हैं, गांव में शौंच की व्यवस्था नहीं है, गलियों में व्यवस्था सुव्यवस्थित नहीं हैं, इसलिए मैं चाहूंगा कि आप ठोस कारगर कदम उठाएं, एक सख्त कानून बनाएं और इस कानून का पालन करायें। पंचायती राज के माध्यम से गांव स्वराज की बात जैसा कि गांधी जी ने कही थी, गांव का स्वराज जब तक नहीं मिलेगा, जब तक कि पंचायती राज व्यवस्था को सरजमीं पर उतारने का काम नहीं करेंगे। विकास की धारा आगे नहीं बह पायेगी। यही पंचायती राज व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आप गांव के गरीब लोगों को न्याय भी दिलवा सकते हैं। गांवों के गरीब लोगों को और गांवों के विकास के लिए भी आप पूरी तौर पर भूमिका अदा करके, गांव और देश का विकास कर सकते हैं। मैं समझता हूं कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा, देश के ि वकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। गांव के लोग जब तक दुखी रहेंगे, गांवों में अशिक्षा रहेगी, गांवों के माध्यम से आपने पंचायती राज की व्यवस्था की है, टीचरों को आपने नियंत्रण करने का अधिकार दिया है। कई गांवों में स्कूलों में टीचर नहीं आ रहे हैं, बड़े पैमाने पर वहां टीचर गायब हैं। आपने वहां के मुखिया को रिपोर्ट करने की जो शक्ति प्रदत्त की है, वहां वह मुखिया रिपोर्ट करता है, पर कोई कार्यवाही नहीं होती। आप पूरे तौर पर उसको शक्ति दीजिए और पंचायतों को अधिकार दीजिए। आपने स्वास्थ्य सेवा, पानी, चापाकल की भी व्य वस्था पंचायती राज में की है। करीब एक सौ पचास ऐसे बिंदु हैं। पिछले दिनों आपने ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से आपने मंत्रियों का सम्मेलन कराया था और उसमें आपने डिस्कशन किया था। उस डिस्कशन में एक सौ पचास बिंदुओं को टच करने का आपने काम किया। अगर इन बिंदुओं को आप सही रूप से सरजमीं पर उतार देंगे और छोटी-छोटी समस्याओं का निदान का अधिकार भी पंचायती राज को है तो मैं समझता हूं कि सही मायने में आप गांव स्वराज की जो कल्पना गांधी जी ने देखी थी, राजीव गांधी जी ने देखी थी, वह स्वराज आ पाएगा। मैं समझता हूं कि आगे गांव की तरक्की होगी।

इन्हीं चंद शब्दों के साथ मैं आपका आभार प्रदर्शित करता हूं। इस विश्वास के के साथ कि माननीय मंत्री जी इस चर्चा के बाद निश्चित तौर पर एक ठोस कदम उठाएंगे और ठोस प्रयास करेंगे, ताकि गांवों की जो पचहत्तर प्रतिशत आबादी है, वह खुशहाल हो सके और उसकी समस्याओं का समाधान हो सके। [v54]

**श्री बापू हरी चौरे (धुले) :** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। राजीव जी इस सदन में इस विय पर बहुत चिन्तित रहते थे कि केन्द्र की तरफ से ग्रामीण विकास के लिए जो फंड दिया जाता है, उसका सिर्फ 15 प्रतिशत फंड ही वहां तक पहुंच पाता है। इस कमी को दूर करने के लिए और महात्मा गांधी जी का सपना पूरा करने के लिए राजीव जी की जो सोच थी, उसे पूरा करने के लिए संविधान में 73वें और 74वें संशोधन के जरिए पंचायती राज विधेयक को दुरुस्त किया गया। उसमें जो सुधार किए गए हैं, वेबहुत महत्वपूर्ण है। इस मायने में, 1992 से जवाहर रोजगार योजना के माध्यम से गांवों के विकास के लिए सही मायने में पैसे दिए गए। पहले गांवों के लोगों को दीया-बत्ती के लिए भी पैसे नहीं मिलते थे, मगर इस योजना के माध्यम से गांवों के विकास के छोटे-छोटे कामों के लिए भी पैसे दिए जाने लगे। बाद में ग्राम सभा के माध्यम से गांवों के मुखिया को ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिए गए। आज गांवों के सब प्लान ग्राम सभा के माध्यम से निपादित किए जाते हैं, जो बहुत महत्वपूर्ण बात है।

मैं आज एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरा कहना है कि सरकार के 33 विभागों को इसमें इन्वॉल्व किया गया है। उनके जरिए इम्प्लीमैंटेशन का काम ग्राम पंचायतों के माध्यम से, ग्राम सभा में विचार-विमर्श करके किया जाता है और पूरा किया जाता है। मगर ट्राइबल सब-प्लान का जो एरिया है, उसके लिए मैं सरकार का आभार मानता हूं। उसके लिए Panchayat (Extension to the Scheduled Area) Act, 1996 बनाया गया। उसमें आदिवासियों को विशे तौर पर अधिकार दिए गए - चाहे जिला परिाद हो, पंचायत समिति हो या गांव पंचायत हो, पंचायती राज विधेयक त्रिस्तरीय इम्प्लीमैंट होता है - जिला पंचायत, ताल्लुका पंचायत और गांव पंचायत। गांव पंचायतों के अंतर्गत ट्राइबल सब-प्लान के एरिया में जो विलेज आते हैं, वहां की ग्राम पंचायत का सरपंच चाहे कोई भी हो, उसे विशे अधिकार दिए गए हैं कि चेयरपर्सन शैडयूल्ड ट्राइब्स का ही हो। उसे सब प्लान बनाने के अधिकार दिए गए हैं। महिलाओं को अधिकार दिए गए हैं, लेकिन यह चिन्ता की बात है कि ट्राइबल सब-प्लान के अंदर ट्राइबल्स के विकास के लिए केन्द्र सरकार में ट्राइबल अफेयर्स मिनिस्ट्री है। उसकी तरफ से धारा 275(1) के तहत कुछ फंड स्पैशल सैंट्रल असिस्टैंस के माध्यम से राज्यों को दिया जाता है। धारा 275(1) ट्राइबल सब-प्लान के माध्यम से कुछ फंड District Planning Development Council (DPDC) को दिया जाता है। उसके माध्यम से डिस्ट्रिक्ट के जो भी प्लान हैं, ट्राइबल एरिया में हरेक हैड्स ऑफ डिपार्टमैंट को वह पैसा डिस्ट्रीब्यूट किया जाता है। उसका इम्प्लीमैंटेशन गांवों के स्तर पर किया जाता है। जो ट्राइबल अफेयर्स डिपार्टमैंट स्टेट लैवल पर है, हमारे महाराट्र में ट्राइबल डैवलपमैंट डिपार्टमैंट की तरफ से मानव विकास के लिए व्यक्तिगत लाभ के तौर पर, मैं उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूं कि for Adivasi agriculturists, hundred per cent subsidy to purchase electric pump sets, oil engines and so on. ऐसी कुछ स्कीम्स हैं जो सौ प्रतिशत सबसिडी से ट्राइबल सब-प्लान में से दी जाती हैं, इंदिरा आवास में पैसे दिए जाते हैं। ट्राइबल अफेयर्स डिपार्टमैंट की तरफ से

गैस सिलेंडर देने की बात करते हैं, घर दिए जाते हैं, ऐसे 37 आइटम्स हैं जो ट्राईबल अफेयर्स डिपार्टमैंट की तरफ से इनडिवीजुअल व्यक्ति के विकास के स्तर को ऊपर लाने के लिए दिए जाते हैं। [MSOffice55] मगर ये सभी स्कीमें ठीक ढंग से इम्प्लीमैंट होनी चाहिए। मेरे कहने का मतलब यह है कि वहां जो नैशनल शैड्यूल ट्राइब्स डेवलपमैंट फाइनेंस कार्पोरेशन है, उसकी तरफ से लोगों को ट्रक टैम्पो, आटो दिये जाते हैं। ऐसे जो इंडीविजुअल बेनीफिशरीज हैं, उनका चुनाव आफिसर्स करते हैं। ये सब चिंता करने की बात है। उन आफिसर्स को क्या मालूम है कि सही मायने में किस गरीब आदमी को लाभ मिला है?

महाराट्र में ट्राइबल्स अफेयर्स डिपार्टमैंट, सभी ट्राइबल एडीशनल कमीशनर प्रौजेक्ट आफिसर्स एंड लिटीगेटिव ट्राइबल डेवलपमैंट प्रौजेक्ट आदि ये सभी लोग लाभार्थियों की लिस्ट चुनते हैं। पहले पंचायत एक्सटेंशन टू दी शैड्यूल एरिया एक्ट 1996 बना जिसमें ग्राम सभा को लाभार्थियों को चुनने का पूरी तरह से अधिकार दिया गया था। मैं आपसे विनती करता हूं कि यहां से आदेश हो, कि वहां पर ट्राइबल डेवलपमैंट डिपार्टमैंट की जितनी भी स्कीम्स इम्प्लीमैंट होती हैं, उनके लाभार्थियों की लिस्ट ग्राम सभा और पंचायत समिति के माध्यम से ट्राइबल डिपार्टमैंट को जाये और वहां से फंड्स का आवंटन किया जाये। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** अब आप कन्कलूड कीजिए।

**श्री बापू हरी चौरे :** सभापति महोदय, मुद्दे तो बहुत हैं, लेकिन आपने मुझे बैठने का इशारा किया है। मैं केवल एक बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। इम्प्लायमैंट गारंटी बिल के माध्यम से जिन गरीब मजदूरों को काम देने के लिए पैसा दिया जाता है, उसका 50 टका पैसा ग्राम पंचायत को दिया जाता है। मेरे जिले में यहां से 28 करोड़ रुपये दिये गये हैं जिसमें से 14 करोड़ रुपये डायरेक्ट ग्राम पंचायत को गये। हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि आज भी बिचौलिये वहां काम करते हैं। अब बीच में बिचौलिये न आये, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए।

मैं कहना चाहता हूं कि सम्पूर्ण ग्रामीण विकास के अन्तर्गत जिला परिद की तरफ से जो भी स्कीमें इम्प्लीमैंट की जाती हैं, उसमें अनाज भी शामिल है। मेरे जिले में दो साल से अभी तक अनाज नहीं दिया गया है। वहां अनाज देना बाकी है। इस परिस्थिति में वहां के बारे में भी विचार करना चाहिए। इम्प्लायमैंट गारंटी स्कीम के अन्तर्गत जिन प्रखंडों को फंड्स दिये जाते हैं, उनके बारे में विचार करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त मैं कहना चाहता हूं कि हरेक गांव में पेयजल मुहैया कराने कि लिए एक समिति नियुक्त की गयी है। गांव में पेयजल की जो योजना बनायी जाती है, उसमें समिति के चेयरमैन, सेक्रेटरी होते हैं। उनके द्वारा वह स्कीम बनायी जाती है। मगर मुझे देखने में यह आया है कि सही मायने में पंचायतों को पैसा एलाट किया जाता है, लेकिन वहां बिचौलिये काम करते हैं। बिचौलियों का काम करने का सिलसिला आज भी जारी है। इस बारे में राजीव जी ने चिन्ता व्यक्त की थी। इन बिचौलियों को हटाने के लिए पंचायत राज विधेयक में प्रावधान किया गया है। लेकिन आज भी वहां से बिचौलिये हटे नहीं हैं। इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि वह इस बारे में विचार करके कोई व्यवस्था करे।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Mr. Chairman, Sir, I never expected to speak. Since I am called to speak on the subject, I am thankful to you.

Panchayat formation is more or less the formation of my public life. I was elected as the Panchayat President in 1953. I assumed charge after I was elected as the President of the Panchayat on adult franchise on 15th August, 1953. At that time, Kerala State was not there. Kerala State was formed afterwards. I continued as the Panchayat President. I had appeared before so many Commissions with regard to the development of the Panchayati Raj institutions in this country. Now, the first Commission before which I appeared was before Shri R.K. Sidwa, who was appointed as the Chairman of a local Finance Committee. I appeared before him as the President and also representing the Panchayat in Travancore Cochin State. Then, subsequently Dr. John Mathai was appointed as the Chairman of the Local Finance Inquiry Commission. There also I had appeared and gave evidence.[R56]

**18.00 hrs**

The most important thing regarding the development of Panchayati Raj in the country is to give a separate or assign a part of income or interest with each and every Panchayat.

Now, the first suggestion was that the Central Government should uphold the income tax that is collected from the Panchayat. It should be set apart for Panchayat. The sales tax and all those taxes, which you have collected from within the areas of Panchayat should be set apart for the development of Panchayat's functioning. There was an attempt to that effect also.

Lastly, there was another Commission -- Justice Verma Commission -- which also took evidence and came to certain conclusions. Now, the net result was that the Panchayats continued as such without much power. We all know that in the Directive Principles of State Policy enshrined in the Constitution, there is a provision that the State shall endeavour to form Panchayats in the State. It was not by any statutory provision. It was only in the Directive Principles of State Policy that the State shall endeavour to form Panchayats in the State. This led to much difficulty in the formation of the Panchayats.

Now, I would like to submit that I had to continue as Panchayat President for decades because no elections were conducted in those days. There is no provision for election in Panchayats in the Constitution.

MR. CHAIRMAN : Just a minute. Now, it is already 6 o' clock. माननीय सदस्यों, इस समय 6 बज चुके हैं, इसलिए अगर सदन की सहमति हो तो सदन का समय मंत्री जी के जवाब देने तक बढ़ा दिया जाए।

SHRI PRABODH PANDA : Sir, my submission is that this discussion could be completed today but the Minister may reply to the debate tomorrow.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): No… (*Interruptions*)

SHRI PRABODH PANDA : Please see the attendance in the House. It is very thin. It is such an important subject. So, I would request that the reply may be given tomorrow… (*Interruptions*)

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, the reply could be taken up tomorrow… (*Interruptions*)

SHRI B.K. HANDIQUE: Tomorrow, we have to take up other important businesses and we are already short of time. So, the reply may be given today itself… (*Interruptions*)

SHRI PRABODH PANDA : Moreover, there is no quorum also… (*Interruptions*)

SHRI N.N. KRISHNADAS (PALGHAT): Not only that, this is a very serious matter. The hon. Minister should reply to this debate tomorrow, when the House would be in full attendance… (*Interruptions*)

MR CHAIRMAN: Hon. Members, please take your seats. Let us hear the hon. Minister.

पंचायती राज मंत्री, क्या आप कल जवाब देने के लिए तैयार हैं? अगर आप कल के लिए तैयार हों तो इसे कल कर दिया जाए।

